2. सही उत्तर चुनकर ✓ लगाओ—

**क.** ईंटों से बनते हैं—

- [ ] बाज़ार
- [ ] वन
- [x] घर
- [ ] तालाब

**ख.** बूँदों से बनते हैं—

- [ ] वायु
- [ ] नाव
- [ ] बादल
- [x] सागर

**ग.** कण-कण मिट्टी से बनती है—

- [ ] सरोवर
- [x] पृथ्वी
- [ ] पर्वत
- [ ] पत्थर

**घ.** इस कविता के लिए सबसे सही नाम होगा—

- [ ] घड़ी का मूल्य
- [ ] सागर और बूँदें
- [ ] पल और युग
- [x] समय का महत्व

## *मूल्यपरक प्रश्न L.O. 3

- समय पर काम करने से क्या लाभ होते हैं?
- इस कविता से हमें क्या सीख मिलती है?

Values
- unity
- understanding the importance of time and small things

## भाषा-ज्ञान L.O. 6

1. ये शब्द किसके समानार्थक हैं, कविता में से चुनकर लिखो— • synonyms

| | |
|---|---|
| फूल — पुष्प, सुमन | सागर — समुद्र, जलधि |
| घर — मकान, आवास | पृथ्वी — धरा, धरती |
| जल — पानी, नीर | मोल — मूल्य, कीमत |

***अध्यापन निर्देश**

अध्यापक/अध्यापिका मूल्यपरक प्रश्न के माध्यम से विद्यार्थियों को समय का महत्व समझाने के लिए कविता के अतिरिक्त अन्य उदाहरण भी दें। कविता में आए फूल, ईंट, जल की बूँदें, मिट्टी के कण आदि उदाहरणों के द्वारा उन्हें मेल-जोल का महत्व बताते हुए उनके सामाजिक एवं भावनात्मक कौशलों का विकास करें।



Scanned with OKEN Scanner

कुछ शब्दों के एक से अधिक अर्थ होते हैं। ऐसे शब्द अनेकार्थी शब्द कहलाते हैं।

फूल — पुष्प — बाग में फूल खिले हैं।
फूल — फूलना (एक क्रिया) — भागते-भागते रोहन की साँस फूल गई।

पर — परंतु — अंकित ने मेहनत की पर सफल नहीं हुआ
पर — पंख — सुनहरी चिड़िया के पर सोने जैसे हैं।

जल — पानी — जल की बूँदों से सागर बन जाता है।
जल — जलना (एक क्रिया) — आग लगने से झोंपड़ी जल गई।

3. **शब्द के जिस रूप से व्यक्ति या वस्तु के एक या अधिक होने का पता चले उसे वचन कहते हैं; जैसे—घड़ी-घड़ियाँ, फुहार-फुहारें**

**इन शब्दों के वचन बदलकर लिखो—** number

| | | | |
|---|---|---|---|
| ईंट — | ईंटें | गुलदस्ता — | गुलदस्ते |
| बूँद — | बूँदें | पेंसिल — | पेंसिलें |
| काँटा — | काँटे | पत्ता — | पत्ते |

4. **इनके तीन-तीन शब्द लिखो—** clusters

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्त — | गुलदस्ता | अस्त | व्यस्त |
| ट्ट — | मिट्टी | पट्टी | खट्टा |
| द्ध — | बुद्ध | बुद्धिमान | युद्ध |
| म्म — | चम्मच | सम्मान | अम्मा |
| त्त — | पत्ता | गत्ता | छत्ता |



Scanned with OKEN Scanner